प्रेस विज्ञप्ति

बिहार पुलिस मुख्यालय,

दिनांक–20.10.2023 (सं0–345)

राज्य के विभिन्न जिलों (रेल जिला सहित) में ऑपरेशन मुस्कान की उपलब्धियाँ

- नागरिक केन्द्रित पुलिसिंग के अन्तर्गत राज्य पुलिस के द्वारा वह प्रत्येक कार्य किया जा रहा है जिसका सीधा और प्रत्यक्ष लाभ आम जनता को मिले तथा आम जन का विश्वास पुलिस पर बढ़े।
- इसी उद्देश्य से राज्य में ऑपरेशन मुस्कान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत आमजनों के चोरी अथवा खोये हुये मोबाइल को प्राथमिकता के आधार पर रिकवर कर उनके वास्तविक स्वामियों को सुपूर्द किया जाता है। आज वर्ष 2023 के माह जनवरी से अक्टूबर तक किये गये मोबाइल रिकवरी के आँकड़ें आपको उपलब्ध कराया जा रहा हैं। ये आँकड़े ऑपरेशन मुस्कान की सफलताओं को दर्शाते है।
- वर्ष 2023 के जनवरी से अगस्त माह तक विभिन्न जिलों में कुल–2263 मोटरसाइकिल को रिकवर कर उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किया गया है, यह ऑपरेशन मुस्कान का हीं विस्तारीकरण है।
- बिहार पुलिस के द्वारा चलाये जा रहे "ऑपरेशन मुस्कान" की सराहना ना केवल बिहार में बल्कि देश के अन्य राज्यों में भी की जा रही है। तमिलनाडू राज्य के नमाकल के रहने वाले एक युवक का मोबाइल अज्ञात व्यक्ति के द्वारा छीन लिया गया जिसका लोकेशन बिहार राज्य के भागलपुर जिला में पाया गया। मोबाइल धारक के द्वारा भागलपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक से सम्पर्क कर अपने छीने हुए मोबाइल के बारे में बताया इस पर भागलपुर पुलिस के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उनके मोबाइल को 24 घंटे के अन्दर में न केवल बरामद ही किया गया बल्कि कूरियर के माध्यम से वापस तमिलनाडु भेजा गया।

उपलब्धियाँ

वर्ष 2023 के **माह जनवरी से 15 अक्टूबर तक 7300 से अधिक (कुल–7305) मोबाइल रिकवर कर उनके वास्तविक स्वामियों को सौंपा गया।** जिन जिलों के द्वारा 300 से अधिक मोबाइल रिकवर किया गया है उनकी सूची इस प्रकार है:–

(माह जनवरी से मई 1,411 मोबाइल तथा जनवरी से अगस्त तक 5,256 मोबाइल रिकवर)

क्र0 सं0	जिला का नाम	माह जनवरी 2023 से 15 अक्टूबर 2023 तक
1.	समस्तीपुर	835
2.	रेल पटना	687
3.	मोतिहारी	372
4.	रोहतास	354
5.	कटिहार	353
6.	गोपालगंज	349
7.	गया	304